दिनांक : 24.01.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश सरकार ने राज्य के 17 धार्मिक नगरों में शराब की बिक्री पर लगाया प्रतिबन्ध.
- 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कल, राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे शामिल ।
- गणतंत्र दिवस पर देशभर में होगा सांस्कृतिक विविधता और सैन्य-शक्ति का प्रदर्शन ।
- भोपाल में 26 से 30 जनवरी तक 'लोकरंग' में दिखेंगे परंपरा,कला और संस्कृति के रंग

अब समाचार विस्तार सेः–

**प्रदेश शराब बंदी**

प्रदेश सरकार ने राज्य के 17 धार्मिक नगरों में शराब की बिक्री पर प्रतिबन्ध लगा दिया है. यह निर्णय महेश्वर में आज हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया. यह निर्णय एक अप्रैल से लागू होगा। उल्लेखनीय बात यह है कि 17 शहरों की 47 शराब दुकानें पूरी तरह बंद की जाएंगी। इन दुकानों को कहीं भी स्थानातरित नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया को इस निर्णय की जानकारी दी।

इन 17 धार्मिक नगरों में उज्जैन नगर निगम, दतिया, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर, मैहर के अलावा ओंकारेश्वर, महेश्वर, ओरछा, चित्रकूट और अमरकंटक के नगर परिषद क्षेत्र शामिल हैं। वहीँ, ग्राम पंचायत स्तर पर सलकनपुर माता मंदिर, बरमान कला, बर्मन खुर्द, कुंडलपुर और बांदकपुर में पांच किलोमीटर के दायरे में शराबबंदी की मौजूदा नीति जारी रहेगी।

**मंत्रिमंडल निर्णय**

राज्य मंत्रिमंडल की आज हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि मंत्री विशेष परिस्थिति में तबादले कर सकेंगे। हालाँकि विधिवत तबादला नीति बाद में आएगी । सरकार ने अंबेडकर विश्वविद्यालय महू को विधि संकाय के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इसी तरह, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के साथ कल्याणी के विवाह

पर दो लाख रुपए दिए जाएंगे। किसानों को अस्थायी विद्युत पंप कनेक्शन देने के लिए मंत्रिमंडल ने तय किया है कि दो लाख किसानों को तीन हार्स पावर से साढ़े सात हार्स पावर के पंप पर दस प्रतिशत राशि देने पर सरकार की ओर से पंप दिया जाएगा। ऐसे में बिजली उनके लिए फ्री हो जाएगी। भोपाल में बावड़िया कला में 180 करोड़ की लागत से एक नया ब्रिज बनाया जाएगा। नारी सशक्तिकरण के लिए नई नीति को भी मंजूरी दी गयी ।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह कल कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होगा। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश सुखवीर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा मतदाताओं को वोटर कार्ड का वितरण भी किया जाएगा। राज्यपाल उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को पुरस्कृत भी करेंगे। वहीँ, आज अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी।

राष्ट्रीय बालिका दिवस

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन समाज में बालिकाओं के अधिकार, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से भारत में पहली बार 2008 में राष्ट्री य बालिका दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी।

**गणतंत्र दिवस-राष्ट्रीय**

गणतंत्र दिवस समारोह में इस वर्ष सांस्कृतिक विविधता और सैन्य-शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। समारोह में संविधान की 75वीं वर्षगांठ और जन-भागीदारी की झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। परेड में तीन सौ कलाकार देश के विभिन्न हिस्सों के वाद्य-यंत्रों के साथ सारे जहां से अच्छा की प्रस्तुति देंगे। विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार की 31 झांकियों का मुख्य विषय होगा-स्वर्णिम भारत-विरासत और विकास। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए वे कल रात नई दिल्ली पहुंचे।

**गणतंत्र दिवस-प्रदेश**

भोपाल में राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ध्वज फहरायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में ध्वज फहरायेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना जिले में और जिला मुख्यालयों पर मंत्री एवं कलेक्टर ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। वहीँ, गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था चक चौबंद कर दी है। पुलिस कमिश्नर भोपाल हरिनारायण चारी मिश्र ने बताया कि शहर के 35 थानों की पुलिस एक साथ सड़कों पर उतरी और हर संदिग्ध व्यक्ति की गहन जांच की गई।

**निर्वाचन आयुक्त-evm**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज बायोमीट्रिक मतदान प्रणाली को अनूठा बताते हुए कहा कि इससे फर्जी मतदान और एक से अधिक बार मतदान करने की घटनाओं में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली सुनिश्चित करती है कि केवल सही मतदाता ही मतदान कर रहा है। आज नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन निर्वाचन प्रबंधन निकायों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

**लोकरंग**

भोपाल में ’लोकरंग’ का आयोजन 26 से 30 जनवरी तक रवीन्द्र भवन परिसर में किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज्यपाल मंगूभाई पटेल होंगे। संस्कृति विभाग में संचालक एन.पी नामदेव ने बताया कि समारोह पारम्परिक नृत्य, गायन-वादन, शिल्प और व्यंजन मेला केन्द्रित होगा। समारोह में करीब 300 से अधिक शास्त्रीय, लोक और जनजातीय पारम्परिक वाद्ययंत्रों को प्रदर्शित करती बहुवर्णी वाद्य प्रदर्शनी का भी संयोजन का जा रहा है। समारोह में लोकरंग के चालीस वर्षों की यात्रा का चालीस वाद्यों की संगति में नाद समन्वित प्रस्तुति भी दी जायेगी । समारोह के अंतिम दिन 30 जनवरी को माधवास रॉक बैंड, वृंदावन की भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगे।

**समाचार संक्षेप में....**

1. कटनी जिला सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले में लगातार पिछले पांच महीनों से अग्रणी बना हुआ है।

2. राजस्व महाभियान 3.0 में लापरवाही के कारण पन्ना जिले के तहसील सिमरिया के प्रभारी तहसीलदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है ।

3. श्योपुर कलेक्टर ने रेत के अवैध भण्डारण पर सिकंदर मीणा निवासी ग्राम जलालपुरा पर 1 लाख रूपये से अधिक का जुरमाना लगाया है ।

4. तुलसी मानस प्रतिष्ठान के तत्वावधान मे भोपाल में 1 फरवरी से 5 फरवरी तक पं.रमाकांत दुबे स्मृति समारोह मनाया जाएगा।

5. नीमच में 26 जनवरी को लोकतंत्र के उत्सव भारत पर्व का आयोजन टाऊनहॉल में किया गया है। भारत पर्व में संस्कृति विभाग और स्वराज संस्थान संचालनालय के कलाकारो व्दारा प्रस्तुति दी जावेगी।

6. अशोकनगर में आज युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले में 116 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये गए ।

7. सीहोर के फुटबॉल स्ट्राइकर युवराज कन्नोजिया का चयन हैदराबाद में होने वाली जूनियर मध्यप्रदेश यूथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

8. पन्ना जिले के इंटवाखास में घास की झोपड़ी में आज आग लगने से दो बच्चों की मृत्यु हो गयी।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रदेश सरकार ने राज्य के 17 धार्मिक नगरों में शराब की बिक्री पर लगाया प्रतिबन्ध.
- 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कल, राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे शामिल ।
- गणतंत्र दिवस पर देशभर में होगा सांस्कृतिक विविधता और सैन्य-शक्ति का प्रदर्शन ।
- भोपाल में 26 से 30 जनवरी तक 'लोकरंग' में दिखेंगे परंपरा,कला और संस्कृति के रंग

.....................